# नीमच को मिलेगा जल्द एयरपोर्ट की सौगात

## एयर स्ट्रीप रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत इन्हें विकसित किया जाएगा

**नीमच, 19 मार्च.** प्रदेश का सीमावर्ती जिला नीमच को राज्य सरकार की ओर से हाल ही में एक और बड़ी सौगात मिली है। नीमच जिले के मुख्यालय पर सालो से बनी हवाई पट्टी को पायलट प्रशिक्षण रन वे में तब्दील करने के बाद अब नीमच की हवाई पट्टी पर जल्द एयर पोर्ट के रूप में विकसित किया जायेगा। इसे एयर स्ट्रीप रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत इन्हें विकसित किया जाएगा। मध्यप्रदेश विमानन नीति-2025 से यह संभव हो सका है। प्रदेश में 4 नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। नीमच का एयरपोर्ट राजस्थान के उदयपुर और प्रदेश



की औद्योगिक राजधानी इंदौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच निर्मित होगा। नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने इस बात की जानकारी देते हुवे बताया की नीमच जिले के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

### विदेशी यात्राएं भी हों सकेगी शुरू

उदयपुर और इंदौर के बीच स्थित सबसे बड़ी और सबसे पुरानी इस हवाई पट्टी को दोनों इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी जोडने के प्रयास भी किये जायेंगे। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत इस पर उड़ान भरने वाले विमानों की कनेक्टिविटी अब देश भर के एयरपोर्ट से भी जोड़ी जा सकती है। झांझरवाड़ा रोड़ पर स्थित हवाई पट्टी पर पॉयलेट ट्रैनिंग स्कूल को लेकर भी नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार के पूरजोर प्रयास देखने को मिले थे। इसी क्रम में नीमच हवाई पट्टी के अन्नयन एवं हवाई पट्टी पर पॉयलेट ट्रैनिंग स्कूल की शुरूआत करने हेतु पट्टी का सीमांकन कराने और आसपास बाउंड्रीवॉल बनवाने को लेकर विधायक परिहार द्वारा पत्राचार के माध्यम से सीएम शिवराज सिंह चौहान से मांग की गई थी। जिसके बाद नीमच में पायलेट ट्रैनिंग सेंटर स्थापित हुवा। अब विधायक श्री परिहार के अथक प्रयासों से ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा से प्रदेश में 4 नए एयरपोर्ट बनाए जाने की घोषणा की जिसमे नीमच में भी एयरपोर्ट बनाने की सौगात जिले को मिली है। राज्य सरकार द्वारा नीमच जिले को दी गई इस सौगात के बाद तमाम लोगों में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में अभी 8 एयरपोर्ट हैं.

### सौगात हुई बड़ी उपलब्धि में तब्दील

नीमच की हवाई पट्टी जहॉ पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पहली महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गॉधी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पं. अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा भाजपा कांग्रेस के कई दिग्गज नेतागण इस हवाई पट्टी पर उतरे है जो कि यहॉ की हवाई पट्टी का रनवे काफी लम्बा और व्यस्थित होने के कारण बड़े नेताओं की पसंदीदा हवाई पट्टी रही है। ऐसे में जिले को मिली एयरस्ट्रिप के बाद एयरपोर्ट की सौगात अब एक बड़ी उपलब्धि में तब्दील हो गई है.

# 32 तोला सोने के जेवर हड़पने पर पति और साथी पर एफआईआर

**जबलपुर, 19 मार्च. मझौली थाना क्षेत्र में एक महिला के अपने ही पति ने सहयोगी के साथ मिलकर पत्नी के लाखों रुपये के सोने के जेवर हड़प लिए और मांगने पर जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत और दस्तावेजों की जांच के बाद पति सहित दो आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है.**

रामनगर कॉलोनी मझौली की निवासी श्रीमती रेखा राय 42 वर्ष वर्तमान में अधारताल स्थित धनी की कुटिया में रह रही हैं, वर्ष 2023 में घर की तंग आर्थिक स्थिति के कारण उन्होंने अपने पति शशिकांत साहू के साथ मिलकर 32 तोला सोने के जेवर प्रहलाद सोनी के पास





गिरवी रखे थे. लाखों रुपये लेकर पहुँची, तो मिला धोखा वर्ष 2025 में जब रेखा राय ने पैसों का इंतजाम कर लिया, तो वे 7 लाख 24 हजार रुपये की राशि लेकर प्रहलाद सोनी के पास अपने जेवर छुड़ाने गईं. वहां प्रहलाद सोनी ने यह कहकर जेवर देने से मना कर दिया कि शशिकांत साहू ने जेवर पहले ही ले लिए हैं. जब रेखा ने अपने पति से इस बारे में पूछा, तो पति ने जेवर लेने की बात से साफ इनकार कर दिया और कहा कि उसने सिर्फ 1 लाख रुपये लिए थे.

### सांठगांठ कर हड़पे जेवर, दी जान से मारने की धमकी

महिला का आरोप है कि उसके पति शशिकांत और प्रहलाद सोनी ने आपसी साठगांठ कर उसके कीमती जेवर हड़प लिए हैं. जब भी वह जेवर की मांग करती है, तो दोनों उसे जान से मारने की धमकी देते हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने रेखा राय, शशिकांत साहू और प्रहलाद सोनी के बयान दर्ज किए. साथ ही रेखा राय द्वारा पेश किए गए नोटरी शपथ पत्र और अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई.

## किसान की 5 बीघा गेहूं की फसल जली



**शिवपुरी.** जिले के पिछोर थाना क्षेत्र के ग्राम गौचोनी में किसान की खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई. अज्ञात कारणों से लगी इस आग में किसान वीरसिंह लोधी पुत्र भगवानदास लोधी की करीब 5 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है.



### चैत्र नवरात्र : सुबह से उमड़ी मंदिरों में भीड़

**दमोह.** आज से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होते ही दमोह शहर की मां बड़ी देवी मंदिर, मां कंकाली मंदिर के अलावा और भी मंदिरों में सुबह से ही माता रानी के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. हजारों भक्तगण माता रानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं. मां बड़ी देवी मंदिर के पुजारी पंडित आशीष दत्त कटारे व ट्रस्ट द्वारा पर्याप्त व्यवस्थाएं की जा रही है.

# दुश्मनों को फंसाने खुद को मारी गोली

- पुलिस ने किया षड्यंत्र का पर्दाफाश

**ग्वालियर, 19 मार्च. पुलिस ने एक ऐसे षड्यंत्र का पर्दाफाश किया है जिसमें फरियादी ने दुश्मनों को फंसाने के लिए अपने साथियों के साथ साजिश रची और उनके खिलाफ हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज करवा दी,** चूँकि मामला गन शॉट यानि गोली मारने का था तो पुलिस सतर्कता से विवेचना में लगी और जैसे ही विवेचना आगे बढ़ी वैसे ही साजिश बाहर आ गई, जिसके बाद पुलिस ने फरियादी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. एसपी धर्मवीर सिंह ने मीडिया को



जानकारी देते हुए बताया कि बन्हेरी गांव के रहने वाले नीतेश रावत ने 3 फरवरी को आरोन थाने में अपने ही गांव के 12 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज कराई, फरियादी ने कहा इन लोगों ने हमारे ऊपर जानलेवा हमला किया है, हमें गोली मारी है. मामले को तत्काल विवेचना में लिया गया.

एसपी ने बताया कि जिले का बन्हेरी गांव पिछले कुछ समय में बहुत चर्चित गांव बन गया यहाँ एक दूसरे पर कई मामले दर्ज कराये गए, कई घटनाएँ हुई, विवेचना आगे बढ़ाई तो सभी 12 आरोपियों उमराव रावत, हरी उर्फ बनिया रावत, नरेश रावत, कैवरन रावत, धनसिंह रावत, रामराजा रावत, हरी सिंह रावत, रणवीर रावत, उदयभान रावत, मर्दन रावत, रन्धौर रावत, रामकिशन रावत से पूछताछ की गई, आरोपियों ने घटना से स्पष्ट इंकार कर दिया. पुलिस ने गांव में भी पूछताछ की जिसके बाद फरियादी पर ही संदेह गहराया तो पुलिस ने फरियादी नीतेश रावत और उसके साथी अजब सिंह रावत और रघुवीर रावत से पूछताछ की.

# मनुस्मृति जलाने के विरोध में समाज का प्रदर्शन

- शिवपुरी एसपी कार्यालय के बाहर धरना

**शिवपुरी, 19 मार्च. राष्ट्रभक्त सवर्ण समाज संगठन ने प्रदर्शन कर खनियाधाना में मनुस्मृति जलाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की. इसके साथ ही नरवर में भारत बंद के दौरान सवर्ण समाज के युवकों पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की भी मांग की गई.**

प्रदर्शनकारी पहले तात्या टोपे पार्क में एकत्रित हुए. वहां से उन्होंने रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचे. कलेक्ट्रेट में एडीएम दिनेश शुक्ला



को एक ज्ञापन सौंपा गया. इसके बाद, प्रदर्शनकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एडिशनल एसपी संजीव मुले को भी ज्ञापन दिया. इस दौरान ग्वालियर के एडवोकेट अनिल मिश्रा भी मौजूद रहे. एसपी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने खनियाधाना में मनुस्मृति जलाने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग दोहराई.

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 को आएंगे भाण्डेर

## सम्मलेन के लिए कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**दतिया, 19 मार्च.** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के 24 मार्च को प्रस्तावित किसान सम्मेलन कार्यक्रम के संबंध में आज कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा ने भांडेर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा तैयारियों का जायजा लिया. कलेक्टर एवं एसपी ने सर्वप्रथम हेलिपैड स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश दिए. इसके उपरांत उन्होंने कृषि उपज मंडी परिसरए जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित होना है, का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को हेलिपैड व्यवस्था, पार्किंग पॉइंट, बैरिकेडिंग, पेयजल, ओआरएस घोल, चिकित्सा सुविधा सहित एम्बुलेंस व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए गए.

# प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने स्वास्थ्य शिविर का किया दौरा

- शिविर में एचपीवी वैक्सीन सुविधा का शुभारंभ

**शिवपुरी, 19 मार्च. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया ने शिवपुरी में आयोजित निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का दौरा किया.**

इस दौरान उन्होंने शिविर में एचपीवी वैक्सीन सुविधा का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र की महिलाओं और बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. शिविर के दौरान प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया





ने पूरे परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया. उन्होंने ब्लॉक ए से लेकर ब्लॉक सी तक सभी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए रजिस्ट्रेशन काउंटर, ऑपरेशन थिएटर और चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित 4 मोबाइल मेडिकल बसों का भी अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने प्रत्येक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हुए अधिकारियों को सुचारू संचालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया.



# बस ने कार को मारी टक्कर

## महिला की मौत, पति और बेटी घायल

**दतिया, 19 मार्च.** जिले के बड़ौनी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में कार सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका पति और डेढ़ साल की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. होलीपुरा निवासी प्रशांत निचरेले अपनी पत्नी श्वेता निचरेले और डेढ़ साल की बेटी के साथ कार से बाहर गए थे. जब यह परिवार झांसी चुंगी क्षेत्र से अपने घर लौट रहा था, तभी पटवारी फार्म हाउस के सामने यह हादसा हो गया. लौटते समय उनकी कार को पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने जोरदार टक्कर मार दी.



## मेट्रो के दूसरे चरण का लोकार्पण समारोह 27 मार्च को संभावित

**इंदौर.** मेट्रो रेल के दूसरे चरण का लोकार्पण 27 मार्च को संभावित है. मेट्रो के व्यवसायिक संचालन का शुभारंभ करने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर के इंदौर आने की संभावना है. इसके लिए शासन स्तर पर तैयारियां तेज हो गई है. मेट्रो रेल के दूसरे चरण के सुपर कॉरिडोर 02 से मालवीय नगर चौराहे तक 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन का काम पूरा हो गया है. उक्त दूसरे चरण में 11 मेट्रो स्टेशन का निर्माण भी किया गया है.

# बैठक में तीसरी बार हुए टेंडर निरस्त

- बैठक में अध्यक्षा के लेट आने से महिला पार्षद भड़की

**भिंड, 19 मार्च. काफी समय के इंतजार के बाद दबोह नगर परिषद की बैठक आहूत की गई जिसमे 16 सूत्रीय एजेंडा परिषद की पटल पर रखा गया. उसमें ठेकेदारों के द्वारा पूर्व में स्वीकृत किये गए टेंडरो को उनके द्वारा स्वम लिखित आवेदन पर निरस्त किये गए.**

वही एक अस्थाई कर्मचारी को आउट सोर्स एजेंसी आहरण के माध्यम से अनुमोदन किया गया साथ नगर के विभिन्न वार्डो में स्वीकृत निर्माण कार्यो को सर्व समिति से पास किये गए. परिषद की बैठक में अध्यक्षा के समय से काफी लेट पहुचने पर उपस्थित महिला पार्षद भड़क गई. तो वही कांग्रेस के उपाध्यक्ष सहित सभी



पार्षद बैठक से उठे चले गए इसके पश्चात मुख्य नगर परिषद अधिकारी अतुल रावत ने एजेंडा को बैठक की पटल पर रखा जिसे पास कर दिया गया. बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधारिया, सीएमओ अतुल रावत सहित भाजपा के पार्षद मौजूद रहे. बैठक के पटल पर जो 16 सूत्रीय एजेंडा रखा गया था, उनमें मुख्य रूप से ये विषय शामिल थे

**बजट:** वर्ष 2026-27 के अनुमानित आय-व्यय की स्वीकृति.

**अधोसंरचना:** गौशाला, स्टेडियम और वार्ड क्र. 08 में नाला निर्माण के न्यूनतम दरों पर विचार.

**तालाब व सड़क:** करधेन तालाब का सौंदर्यीकरण और वार्ड 10 व 13 में सीसी रोड निर्माण.



# टोल प्लाजा तोड़फोड़ मामले के विरोध में आंदोलनकारी

**भिंड, 19 मार्च. नेशनल हाईवे-719 पर टोल प्लाजा तोड़फोड़ मामले में प्रकरण दर्ज होते ही आंदोलनकारी विरोध में सड़कों पर उतर आए. प्रदर्शन के दौरान एक आंदोलनकारी ने सिर मुंडन कराकर अपना विरोध दर्ज कराया. प्रदर्शनकारियों ने टोल वसूली को अवैध बताते हुए सरकार के रवैए को जमकर कोसा.**

'नो रोड, नो टोल' अभियान के तहत टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया गया था. आंदोलनकारियों का कहना है कि हाईवे का चौड़ीकरण और मरम्मत कार्य अधूरा है, इसके बावजूद टोल वसूली जारी रखी जा रही है. प्रदर्शन के दौरान जब टोल प्रबंधन ने कैमरों के माध्यम से टोल कटिंग शुरू की, तो स्थिति तनावपूर्ण हो गई और आक्रोशित भीड़ ने हल्का उपद्रव कर दिया. इस दौरान 1-2 सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाया गया. घटना के बाद टोल प्लाजा प्रबंधन ने सख्त रुख अपनाते हुए बसपा नेता रक्षपाल सिंह सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया.

प्रकरण दर्ज होने की खबर फैलते ही आंदोलन से जुड़े लोगों में नाराजगी और बढ़ गई, जिसके चलते दोबारा विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी रोमी चौहान ने टोल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा का टेंडर वर्ष 2025 तक ही था, इसके बावजूद वसूली जारी है, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है. उन्होंने इसे टोल घोटाला करार देते हुए सरकार और टोल प्रबंधन के बीच मिलीभगत का आरोप लगाया.

शोक संवेदना | पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया

# अग्निकांड : सीएम ने दिए विशेष जांच के निर्देश

- सीएम ने परिजनों से मिलकर जताया दुख
- बोले-ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकेंगे

**इंदौर, 19 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को शहर में हुए भीषण अग्निकांड में जान गंवाने वाले नागरिकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया.**

मुख्यमंत्री दोपहर में जंजीरवाला चौराहा स्थित जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभागृह



पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगतों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवारों से मिलकर घटना की जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया. इस दौरान सीएम ने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेज दिया था. उन्होंने इसे बेहद दुखद और पीड़ादायक बताते हुए कहा कि राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है.

इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि दुर्घटना के हर पहलू की विशेषज्ञों से गहन जांच कराई जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके. हाथों-हाथ घायलों के बेहतर उपचार और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता देने के निर्देश भी दे गए. इस दौरान जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे.

# साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 8 .50 लाख रुपए

**इंदौर, 19 मार्च. कनाड़िया थाना क्षेत्र में साइबर अपराध का एक बड़ा मामला सामने आया है. शातिर ठगों ने एक व्यक्ति को अपने जाल में फंसाकर उसके दो अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से करीब साढ़े आठ लाख रुपए पार कर दिए.**

पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारकों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तकनीकी जांच शुरू कर दी है. थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि फरियादी रोहित पिता रमेशचंद्र विजयवर्गीय निवासी आस्कर टाउनशिप, बिचौली ने थाने पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है. कि अज्ञात साइबर ठगों ने मोबाइल नंबरों के माध्यम से उनसे संपर्क किया और चालाकी से उनके क्रेडिट कार्ड की गोपनीय जानकारी हासिल कर ली.

इसके बाद आरोपियों ने उनके अमेरिकन एक्सप्रेस क्रेडिट कार्ड से 6,90,474 रुपए और एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 1,68,550 रुपए निकाल लिए. फरियादी ने यह भी बताया कि दोनों क्रेडिट कार्डों को मिलाकर 8,59,024 रुपए की अवैध निकासी की गई है. मोबाइल पर ट्रांजैक्शन के मैसेज आने के बाद रोहित को ठगी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने पुलिस की शरण ली.

## 'विक्रमोत्सव-2026' का शंखनाद : बाल भवन में सजी सम्राट विक्रमादित्य के शौर्य की गाथा

**ग्वालियर.** भारतीय नववर्ष और विक्रम संवत् 2083 के मंगल आगमन के उपलक्ष्य में ग्वालियर में 'विक्रमोत्सव-2026' का भव्य आयोजन हो रहा है. जिला स्तरीय मुख्य समारोह प्रातः नगर निगम स्थित बाल भवन सभागार में प्रारंभ हुआ.